गैस मे किसी प्रकार के अन्तर निकलने (लीक) का आसानी से पता लगाया जा सके ।

(ख) से (घ) मेडिकल विशेषज्ञों ने जिनसे इस बारे मे परामर्श किया गया है, कुकिंग गैस का स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव निश्चित करने के लिए आयोजित विशेष अध्ययन की कोई रिपोर्ट नही दी है । इस तरह की किसी घटना की जानकारी नही है जिसमे कुकिंग गैस के उपयोग से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पडने का संकेत मिलता हो । तथापि, गंधक यौगिकों का स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पडने के अवसर नगण्य है क्योंकि यह केवल संकेत के लिए मिलाया जाता है और जो भी मिलाया जाता है वह उपयोग के समय जल जाता है ।

निर्धारित मूल्य पर मिट्टी के तेल की सप्लाई

2766. श्री राम सेवक हजारी : क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या 1975 मे जनवरी, 1978 तक मिट्टी के तेल के मूल्य मे उतार चढाव होता रहा है

(ख) क्या मूल्य को स्थिर रखने के लिये सरकार का विचार कोई नीति बनाने का है, और

(ग) क्या सरकार का विचार देश के ग्रामीण क्षेत्रों मे ग्राम जनता को पर्याप्त मात्रा मे निर्धारित मूल्य पर मिट्टी के तेल की सप्लाई सुनिश्चित करने का है ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) केन्द्रीय सरकार तेल कम्पनियो के कुछ प्रतिष्ठानो/तेल शोधक कारखाने के केन्द्रो के बाहर मिट्टी के तेल के मूल्य सीमित/अधिकतम बिक्री मूल्य को तय करती है । प्रस्तावित अवधि के दौरान, इन मूल्यो मे केन्द्रीय सरकार द्वारा की वृद्धि करने की अनुमति दी गई थी, वे वृद्धिया 14-7-1975 से प्रति लिटर 5 पैसे और 1-12-1975 से प्रति लिटर 12 पैसे की की ।

मिट्टी के तेल का फुटकर बिक्री मूल्य स्थानीय प्राधिकरियों द्वारा परिवहन खर्चे, अधिकर्ता की कमीशन, स्थानीय करों आदि को लगाने के पश्चात् अनिवार्य वस्तु अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत जारी मिट्टी का तेल (अधिकतम सीमित मूल्य) आदेश, 1970 की शर्तों के अनुसार तय किया जता है ।

(ख) और (ग) राज्य के विभिन्न भागों मे मिट्टी के तेल का समान वितरण मुख्यता राज्य सरकार की एजेंसी द्वारा किया जाता है । तथापि, इन उत्पादों की योजना बनाने और इनके लाने ले जाने के लिए एक विशेष समन्वयक मशीनरी गठित की गई है ताकि कमी वाले केन्द्रों की उत्पत्ति न हो सके और इस उत्पाद की काला बाजारी को नियन्त्रित किया जा सके । यह मशीनरी तेल कम्पनियो रेल और राज्य सरकारों के साथ घनिष्ठ सम्पर्क कायम करके काम करती है ।

Domohani-Changrabandha Railway Line

2767 SHRI AMAR ROY PRADHAN Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state what steps have been taken for the restoration of Domohani and Changrabandha Railway lines (N F Railway) which had been damaged in the devastating Flood of 1968?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SHEO NARAIN): A fresh Traffic Survey for the restoration of *Donohani-Changrabandha* line has been included in Railway Budget for 1978-79 A final decision for taking up this restoration would depend